तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025

13 एड्स जागरूकता अभियान में विविध आयोजन

14 विज्ञान के चमत्कार से लोगों को बनाते हैं मूर्ख : गौरव चंद्राकर







## खबर संक्षेप



### एफएलएन मेला में नवापारा संकुल ने बाजी मारी

**नवापारा-राजिम।** ग्राम केंद्री में विकासखंड स्तरीय एफएलएन मेला के आयोजन में 35 संकुलों के बच्चे शामिल हुए जिसमें नवापारा के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला के संकुल कन्या नवापारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक त्रिपदा बांसवार, एकता शर्मा, ईश्वर साहू, हर्ष बया, जयंत साहू, देविका साहू, यामिनी यादव की भूमिका उल्लेखनीय रही। पिपरौद संकुल ने द्वितीय स्थान एवं खोरपा संकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीईओ धनेश्वरी साहू ने कहा कि चयनित विद्यालय जिला स्तर पर विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। अतएव बच्चों की बुनियादी शिक्षा और साक्षरता को निरंतर बढ़ाते रहे। कार्यक्रम में राकेश साहू, राजेश साहू, भावना नरेटी, गोपाल यादव प्रधानपाठक, मयंक मिश्रा, कविता शुक्ला आदि मौजूद थे। ग्रामवासियों ने भी इस कार्यक्रम का आनंद लिया।

### फिंगेश्वर वन अमला ने पकड़ी 70 हजार की सागौन लकड़ी



**फिंगेश्वर।** जंगल से चोरी कर सागौन लकड़ी के गोले को ट्रैक्टर में ले जाने वाले दो आरोपी को वन अमला ने पकड़कर उनसे ट्रैक्टर जब्त की। वहीं पर आरोपियों के खिलाफ वन्य अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर वन विभाग द्वारा मुखबीर से सूचना मिलने पर टेवारी घाट सोरिद जंगल मार्ग पर रात्रि 12.20 बजे घेराबंदी कर ट्रेक्टर सोलिस माडल 415 नई लाल रंग के साथ बिना नंबर की ट्राली में तीन नग कीमत 70 हजार की सागौन लकड़ी तस्करी करते हुए पकड़ा है। आरोपी धनीराम निशाद पिता कलीराम निशाद ग्राम सोरिद को वन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। पूरे फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से अवैध लकड़ी परिवहन के काफी चर्चे हो रहे है। बताया जाता है कि इस परिक्षेत्र से प्रतिदिन जलाऊ लकड़ी के नाम पर अनेक लकड़ी चोर सायकल में कीमती लकड़ी काटकर बेचते है। वन विभाग में अनेक चौकीदार अथवा अन्य कर्मचारी होने के बाद भी इस तरह रोज कट रहे जंगल और बाजार में जलाऊ के नाम पर बेची जा रही लकड़ियों पर कार्यवाही न होने से ग्रामीणों के हौंसले बुलंद है। वन्य परिक्षेत्रें मे पहले के जंगल एवं आज के जंगल मे जमीन आसमान का अंतर है।वन अमला को लकड़ी तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक युवक की मौत

**महासमुंद।** अमलीडीह चौक के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम भिथीडीह का भूपेंद्र डडसेना पिता कार्तिकराम डडसेना (29 साल) निवासी अपनी मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीपी 7278 से पिथौरा गया था, पिथौरा से वापस घर भिथीडीह आने के दौरान शाम करीबन 7.30 बजे अमलीडीह चौक के पहले किसी अज्ञात वाहन का चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर भूपेंद्र डडसेना की मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# मैनपुर में छाया घना कोहरा, मौसम के बदले मिजाज से किसान चिंतित, फेंजल तूफान का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। गरियाबंद जिले के मैनपुर वनांचल क्षेत्र समेत प्रदेश के कई हिस्सों में पिछले दो दिनों से बादल छाए हुए हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश से किसानों और धान खरीदी केंद्र में चिंता बढ़ा दी है, मंगलवार को बेहद गहरा घना कोहरा सुबह 9:00 तक छाया रहा। घना कोहरा के चलते मैनपुर देवभोग गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मार्ग पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था जिसके कारण जगह-जगह जंगल के भीतर वाहनों के पहिए सुबह 10:00 बजे तक थामे रहे। घना कोहरा छांटने के बाद आवागमा सुचारू हो पाया। मिली जानकारी के अनुसार चक्रवाती तूफान की वजह से प्रदेश में भरपूर मात्रा में नमी का प्रवेश हो रहा है इससे ठंड बढ़ने लगी है वहीं मैनपुर वनांचल पहाड़ी क्षेत्र में सबसे ज्यादा ठंड रहा, मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान 'फेंजल' दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। जिसके कारण कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ आने वाले कुछ दिनों तक सुबह के समय घना कोहरा और बादल छाए रहने की संभावना है मौसम एक्सपर्ट से चर्चा करने पर बताया कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित चक्रवती तूफान 'फेंजल' के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में नमी का प्रवेश हो रहा है इसकी वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है सुबह के समय घना कोहरा छाए रहे। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि आगामी तीन दिनों तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी की संभावना है हालांकि भरपूर मात्रा में नमी के आगमन की वजह से ठंड बढ़ने लगी है।

## घना कोहरा से जगह-जगह थामे रहे वाहनों के पहिए



### शाम होते ही जलने लगी अलाव

गरियाबंद जिले के मैनपुर वनांचल क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पढ़ने लगी है। वहीं मौसम का मिजाज बदलने से किसान बेहद परेशान हो गए हैं। इन दोनों धान की कटाई और मिजाई का कार्य तेज गति से चल रहा है। किसान जल्द से जल्द धान की मिजाई कर धान खरीदी केंद्रों में पहुंचाना चाह रहे हैं वहीं धान खरीदी केंद्रों में भी धान के सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। मैनपुर धान खरीदी केंद्र के प्रभारी दिनेश कमलेश ने बताया की सोमवार को अचानक हुई हल्की बारिश के बाद पूरे धान के बोरियों को पॉलिथीन से ढका गया है साथ ही सभी धान खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित रखना लगातार प्रयास किया जा रहा है। मौसम का मिजाज एक बदल जाने से ठंड बढ़ गई है और लोग नगर सहित ग्रामीण इलाकों में शाम होते ही चौक चौराहा में अलाव जलाकर सेंकते नजर आ रहे हैं ग्रामीण इलाकों में शाम होते ही अलाव जलने लगे हैं।

## विडंबना : अंशदायी पेंशन के 3 करोड़ और क्रमोन्नत वेतनमान के 80 लाख रुपए चार साल से लंबित

# 300 शिक्षकों का चार करोड़ बकाया, वर्षों से प्रशासनिक उलझनों में फंसा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देवभोग ब्लॉक के करीब 300 शिक्षकों का करीब 4 करोड़ रुपए का भुगतान पिछले कई वर्षों से प्रशासनिक उलझनों में अटका हुआ है। सवा 3 करोड़ रुपए अंशदायी पेंशन योजना के तहत और लगभग 80 लाख रुपए क्रमोन्नत वेतनमान के मद से मिलने थे। यह भुगतान संविलियन से पहले ही होना था, लेकिन जनपद, बीईओ कार्यालय और जिला पंचायत के स्तर पर फाइलें ऐसी उलझीं कि आज तक कोई समाधान नहीं निकला। परिणामस्वरूप, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भार संभाल रहे ये शिक्षक अपने ही बकाया राशि के लिए लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक देवभोग इकाई के अध्यक्ष अवनीश पात्र के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में सुनील अग्रवाल, अनिल सिन्हा, रेखराम निधि और बीरेंद्र सोनवानी शामिल थे। शिक्षकों ने जल्द से जल्द बकाया भुगतान कराने ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ लंबित भुगतान के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष से गुहार



### तीन साल में चार सीईओ बदले, फिर भी नहीं सुलझा मामला

अंशदायी पेंशन योजना मार्च 2013 से लागू हुई थी। योजना के अनुसार शिक्षाकर्मियों के वेतन से 10% तथा शासन की ओर से 10% नियोक्ता अंश उनके खाते में जमा होना था। मार्च 2012 से जून 2022 तक शिक्षकों के वेतन से कर्मचारी अंश काट लिया गया, लेकिन संविलियन के बाद भुगतान की बारी आने पर जिला पंचायत ने नियोक्ता अंश के अभाव का हवाला देते हुए भुगतान रोक दिया। शिक्षकों के आंदोलन के बाद वर्ष 2023 में शासन ने स्पष्ट किया कि वेतन के आबंटन में ही नियोक्ता अंश का प्रावधान शामिल था। इसके बावजूद जिला पंचायत बार-बार जनपद और बीईओ कार्यालय से कर्मचारी-वार विवरण व जमा राशि का ब्योरा मांगता रहा। इस दौरान जनपद देवभोग में चार सीईओ और तीन बीईओ बदले, परंतु समस्या जस की तस बनी रही।

### कार्रवाई की जाएगी

देवनाथ बघेल, बीईओ देवभोग ने बताया कि अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत 300 से अधिक शिक्षकों का करोड़ों का भुगतान लंबित है। जिला पंचायत द्वारा मांगे जाने पर समय-समय पर सभी जानकारी प्रेषित की गई है। क्रमोन्नत वेतनमान रिकवरी से संबंधित शेष 3 लाख रुपए शासन के मद में जमा कर दिए गए हैं। आगे जैसे भी निर्देश मिलेंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षकों की उम्मीद अब तो मिले न्याय

लंबे समय से आर्थिक क्षति झेल रहे शिक्षकों को अब जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा दिए गए आश्वासन से उम्मीद जगी है। शिक्षक संगठन का कहना है कि वर्षों से लंबित इस समस्या का समाधान न होने से उनका आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से भारी नुकसान हुआ है। अब वे उम्मीद कर रहे हैं कि शासन-प्रशासन संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द से जल्द लंबित भुगतान जारी करेगा।



## ओडिशा से अवैध धान तस्करी, 27 क्विंटल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर-देवभोग विकासखंड क्षेत्र में ओडिशा सीमा से लगे इलाकों में अवैध रूप से धान तस्करी कर छत्तीसगढ़ में बेचने की कोशिशों पर पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। गरियाबंद पुलिस द्वारा दीगर राज्य से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने पिछले 22 दिनों में विशेष अभियान चलाकर अवैध धान के परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण किया है। इस अवधि में कुल 797.4 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 24 लाख 71 हजार 940 रुपये है। मंगलवार को थाना अमलीपदर को मिली मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। सूचना मिली थी कि ओडिशा प्रांत के सरगीपानी से अवैध रूप से धान बिक्री के लिए ग्राम बीजापदर, कुमहिमाल जंगल के रास्ते परिवहन किया जा रहा है। चेकिंग के दौरान, पुलिस ने बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक ओडी 24-जे-4141 को पकड़ा। वाहन से 60 कट्टे (प्रत्येक में 45 किलोग्राम) यानी कुल ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ 22 दिन में 24 लाख से अधिक का धान जब्त

## 25 साल बाद भी नहीं सुधरा रसेला-छुरा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रसेला से छुरा होते हुए 17 किलोमीटर सड़क नवनिर्माण के साथ चौड़ीकरण की वर्षा से इंतजार कर रहे हैं क्षेत्र वासियों, लेकिन अभी तक मार्ग नवनिर्माण और चौड़ीकरण का कार्य कब प्रारंभ होगा। इस बात को लेकर इस सड़क मार्ग में आवागमन करने वाले लोग बहुत ज्यादा चिंतित हैं। इस बार की बरसात में लगातार पानी गिरने के चलते सड़क की हालत और भी अत्यंत खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। शोल्डर पर भी हर कदम पर गड्ढे हैं जिसके चलते राहगीरों को बड़ी सावधानी से अपने वाहन को चलाना पड़ रहा है। थोड़ी सी भी ध्यान हटी तो दुर्घटना घटी वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। इस मार्ग में आएं दिन दुर्घटनाएं होने से चोटिल ▶▶|शेष पेज 12 पर

### सुबह से लेकर शाम तक इस सड़क पर रहती है भीड़



रसेला से प्रारंभ एकल सड़क मार्ग आवागमन के दबाव के चलते अत्यंत संकरा हो जाता है। चूंकि इसी मार्ग पर स्कूल, कालेज, छात्रावास, हास्पिटल, तहसील आफिस, थाना, एसडीएम मुख्यालय, फारेस्ट विभाग, जलसंसाधन विभाग, पीएचई विभाग, बैंक एवं अन्य कार्यालय मौजूद हैं। इतना ही नहीं बल्कि इस मार्ग से पर्यटन और धार्मिक स्थल केरा पानी रानी मां, गौधस, पतोरा बांध भी जाया जाता है। इसके अलावा आस-पास के सैकड़ों गांव के लोग छुरा लेन-देन के लिए पहुंचते हैं। कई बार तो सड़क की चौड़ाई कम होने और वाहनों के दबाव के चलते स्कूल, कालेज की छात्राएं दुर्घटनाग्रस्त होते होते बची है। इसके अलावा आए दिन राहगीर परेशान होते रहते हैं। सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग ने गिट्टी डालकर गड्ढे को समतल किया गया है। लेकिन गिट्टी से और परेशानी बढ़ गई है। यह मार्ग केवल रसेला से छुरा को जोड़ने वाला रास्ता नहीं, बल्कि आस-पास के कई गांवों की जीवन रेखा है, इसलिए इसका शीघ्र नवनिर्माण के साथ दुरुस्तीकरण बेहद जरूरी है। क्षेत्र के जनपद सदस्य बिमला नागेश, सुखराम ठाकुर, मिलन्तीन कुंजाम, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, लता नागेश, हेमलता ध्रुव, तुलेश्वर ध्रुव, विजय कृष्णा नागेश, रवि मरकाम, भोजराज नागेश, राजकुमारी ध्रुव, सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के समस्त ग्रामवासी ने उम्मीद जताई है कि शासन प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू कराएंगे।

# मैनपुर क्षेत्र के खेतों में बिछी पीली चादर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



वनांचल मैनपुर क्षेत्र के गांवों में इन दिनों पीला सोने की चादर सरसों दलहन और तिलहन अच्छी स्थिति में नजर आ रही हैं देर तक हुई बारिश के कारण खेतों में पर्याप्त नमी बनी हुई है, जिसका सीधा लाभ फसलों पर दिखाई दे रहा है किसान तेजी से गेहूं, चना, मटर और अलसी की बुवाई में जुटे हुए हैं स्थानीय किसानों का कहना है कि यहां अधिकांश कृषि कार्य वर्षा आधारित होते हैं इस वर्ष अक्टूबर माह तक बारिश होने से जमीन में नमी भरपूर मात्रा में है, गांव-गांव में सरसों की फसल देखते ही बन रही है खेतों में पीली चादर सी बिछी हुई है और किसान उत्साहित हैं। क्षेत्र के किस मंगल यादव, भुवनेश्वर ठाकुर, जगमोहन नागेश ने बताया हालांकि किसान बहुत कम मात्रा में सरसों की फसल लिए है लेकिन फसल इन दोनों लहलहा रही है अच्छी पैदावारी की उम्मीद किसानों में नई ऊर्जा और उत्साह भर रही है।

वहीं दूसरी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रवी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर एवं सरसों फसल का उपार्जन प्राईस स्पोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत जिले अंतर्गत विकासखण्ड-फिंगेश्वर में कृषक सेवा सहकारी समिति राजिम तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर, विकासखण्ड छुरा में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला, चरौदा एवं पाण्डुका, विकासखण्ड-गरियाबंद में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गरियाबंद, विकासखण्ड-मैनपुर में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मैनपुर, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति अमलीपदर, भेजीपदर (कांडेकेला), ढोर्रा एवं तेतलखुटी तथा विकासखण्ड-देवभोग में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति देवभोग, झाखरपारा में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जावेगा। योजना में लाभ प्राप्त करने के इच्छुक कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। पंजीकृत कृषकों का फसलवार उपार्जन अवधि उड़द, मूंग, मूंगफली एवं सोयाबीन फसल 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तथा अरहर फसल 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 है। इसी प्रकार रबी फसल सरसों 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 एवं चना तथा मसूर फसल का उपार्जन अवधि 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक रहेगा। उक्त अवधि में दलहन एवं तिलहन फसल का योजना के तहत विक्रय कर /"प्राईस सपोर्ट स्कीम/" का अधिक से अधिक कृषक लाभ लें।

## कथा सुनने हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# अहंकार से भरे मन में भगवान की कथा नहीं टिकती : संत इंद्रदेव महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद







नगर के गांधी मैदान में देवांगन परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों को संत श्री इंद्रदेव महाराज ने शिव महापुराण का परिचय, शिवलिंग स्थापना की महिमा, भस्म तथा रुद्राक्ष विधि से जुड़े प्रसंगों का विस्तृत व आध्यात्मिक रहस्यों से भरा वर्णन किया। कथा स्थल पर आज पूर्व पंचायत मंत्री पंडित अमितेश शुक्ल और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने भी पहुंचकर पूज्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान पूज्य महाराज श्री ने मन, संस्कार और विनम्रता की गहराई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पानी की बूंद पर्वत पर टिकती नहीं, धारा बनकर बह जाती है। उसी प्रकार अहंकार से भरे मन में भगवान की कथा भी नहीं टिकती। जिसने झुकना सीख लिया, उसने सब कुछ जीत लिया। अकड़ तो मुर्दे की पहचान है, जीवन वही सार्थक है जिसमें अभिमान शून्य हो जाए। महाराज ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि राजा दशरथ का ससुराल छत्तीसगढ़ में न होता, तो श्रीराम का ननिहाल भी यहां न होता। यह कौशल प्रांत है ▶▶|शेष पेज 12 पर

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम लाखागढ़ में एक लड़के के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सीमा यादव ने बताया कि 30 नवंबर की दोपहर करीबन 03 बजे उसका बेटा शुभम यदु घर के बाहर बैठा था, उसके बेटे शुभम आकर बताया कि पड़ोस में रहने वाले कुबेर कश्यप शराब पीकर आये और गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मियों ने ली जागरूकता की शपथ

**रायपुर।** संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एचआईवी/एड्स की रोकथाम, भेदभाव समाप्त करने तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करने हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं एवं मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रूप में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाली आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला को विदाई दी गई। अब नवीन पदस्थापना के साथ डॉ. शुक्ला आयुक्त समग्र शिक्षा के रूप मे अपनी सेवाएं देंगी। उनके नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, विशेषकर दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार हेतु किए गए प्रयासों की उपस्थित जनों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विभाग की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का समापन, बच्चों ने दी सुआ नृत्य की प्रस्तुति



**रायपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर इंद्रावती कॉलोनी में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मणिकर्णिका नृत्य और छोटे बच्चों का सुआ नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता सुमन मुथा और दीक्षा अग्रवाल रहीं एवं अध्यक्षता सविता शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा संस्थान के पदाधिकारी बद्रीनाथ केशरवानी, विभाग समन्वयक मोहन पवार, सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्र नगर, टिकरापारा, इंद्रावती कॉलोनी के आचार्य दीदियां, अभिभावक माताएं और मातृ शक्तियां उपस्थित थीं।

### बढ़ी गाइडलाइन का विरोध दबाने क्रूरता पर उतरी सरकार



**रायपुर।** जमीन गाइड लाइन में बेतहाशा बढ़ोतरी के अपने तानाशाहीपूर्ण फैसले का विरोध करने वालों के दमन के लिए भाजपा सरकार क्रूर और आतंकी रवैये पर उतर आई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जमीन गाइड लाइन को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में आक्रोश है। बढ़ी हुई गाइड लाइन की दर को लेकर प्रदर्शन कर रहे कारोबारियों, आम नागरिकों पर भाजपा सरकार द्वारा दुर्ग में बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज और महिलाओं तक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। सरकार ने अपना फैसला जनता पर जबरिया थोपा है, जब जनता उसका विरोध कर रही, तो सरकार दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जवाब दें कि वे अपनी सरकार द्वारा जनता पर थोपे गये इस फैसले को लेकर चुप क्यों हैं? जनता को मुख्यमंत्री के जवाब का इंतजार है। मुख्यमंत्री अपने वित्तमंत्री के तुगलकी फैसले के बारे में मौन व्रत छोड़कर सामने आएं। उन्होंने कहा, न किसी से चर्चा, न सुझाव, न ही दावा आपत्ति का अवसर, अचानक अनुचित फैसले थोप दिये गये।

### एसआईआर की सीमा 3 महीने बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात की। पार्टी का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों और दूसरे राज्यों से आई महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने समय सीमा 3 महीने बढ़ाने की मांग रखी। कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा, इस समय धान कटाई का दौर चल रहा है, ऐसे में किसान और मजदूर घरों से बाहर रहते हैं, जिसके कारण वे एसआईआर की प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पा रहे। दूसरे राज्यों से शादी के बाद छत्तीसगढ़ आई महिलाओं को भी दस्तावेज़ और पहचान संबंधी औपचारिकताओं में मुश्किलें हो रही हैं।

# गढ़फुलझर में गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व पर बसना विधायक ने कहा: सत्य, समानता और मानवता ही सतनामी समाज की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गढ़फुलझर में कैबिनेट मंत्री एवं सतनामी समाज के युवराज धर्म गुरु खुशवंत सिंह साहेब के सानिध्य और मार्गदर्शन में गुरु ज्ञान प्रकाश पर्व संत समागम सतनाम मेला का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल और कार्यक्रम की अध्यक्षता बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इस आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह दिवस हम सभी के लिए न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के गौरव, संस्कृति के पुनर्जागरण और आदर्श जीवन-मूल्यों को अपनाने का प्रेरणादायी अवसर भी है। विधायक ने बल देते हुए कहा कि सतनाम मेला सदियों से सतनामी समाज की पहचान, एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक रहा है। यह महान परंपरा हमें सत्य, अहिंसा, समानता, परिश्रम और मानवता के उच्च आदर्शों की याद दिलाती है, जो इसके केंद्र में निहित हैं। विधायक डॉ. अग्रवाल ने सतनामी समाज के आराध्य गुरु, गुरु घासीदास बाबा के जीवन और दर्शन पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि गुरु बाबा ने समाज को सत्य को ही ईश्वर मानने की सीख दी। सतनाम बोली हरि का नाम यह वाक्य मात्र एक धार्मिक मंत्र नहीं है, बल्कि जीवन को सरल, पवित्र और समता-भाव से भरने का एक शाश्वत संदेश है। उन्होंने बताया कि गुरुजी का पूरा जीवन संघर्ष और समाज-सुधार की कहानी है। उन्होंने समाज को जाति-भेद, अंधविश्वास, अन्याय और शोषण से मुक्त कर मानवता, समानता और नैतिकता का मार्ग दिखाया। विधायक ने जोर दिया कि गुरुजी के उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। उन्होंने कहा कि सतनाम मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह सामाजिक चेतना का उत्सव है। उन्होंने कहा कि यह वह मंच है जहाँ लोग दूर-दूर से आकर मिलते हैं, विचार साझा करते हैं, संस्कृति का आदान-प्रदान करते हैं, और गुरु परंपरा की सीखों को जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं। मेले के स्वरूप का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि इस मेले में लोकगीत, संस्कृति, परंपराएं, कला और समाज की एकजुटता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह समाज को संगठित, सशक्त और जागरूक बनाने का एक शक्तिशाली माध्यम है। विधायक अग्रवाल ने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों, जैसे शिक्षा, रोजगार, नशा-मुक्ति, सामाजिक सौहार्द और नेतृत्व विकास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा की शिक्षाएँ हमें इन चुनौतियों में सही दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि मानव-मानव एक समान का मार्ग आज की पीढ़ी के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। युवा वर्ग को गुरुजी की तपस्या, सरलता और कर्मवाद से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। विधायक अग्रवाल ने सभी से एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व है कि गुरु पर्व सतनाम मेला जैसे आयोजनों को केवल एक उत्सव न मानकर, सामाजिक जागृति और आत्म-सुधार का अवसर बनाएं। हमें अपने बच्चों को सतनाम संस्कृति, गुरु परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियाँ अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करें और समाज की उन्नति के लिए कार्य करें।



इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, राजमहंत पीएल कोसरिया, तरेकेला कबीर कुटी आश्रम महंत लखन मुनि साहेब, विधानसभा संयोजक एनके अग्रवाल, पिथौरा जनपद अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, बसना जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद सदस्य मधु खूंटे, ग्राम पंचायत गढ़फुलझर सरपंच हरप्रीत कौर, मंदिर समिति पूर्व अध्यक्ष सुवर्धन प्रधान, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डिग्रीलाल रात्रे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि खोलबाहरा निराला, अभय धृतलहरे, संचालन लखन कुर्रे, पंथी नृत्य में उपराष्ट्रपति से सम्मानित रोहित कोसरिया, कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष मिलाप निराला, सचिव कुशल रात्रे, कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यगण डिजेंद्र कुर्रे, डॉ मनीष भारद्वाज, अजीत महिलांगे, लिलेश्वर कोसरिया, हेमंत मिरी, जीवन रात्रे, किर्तो मिरी, संत लाभोदास संत रिपु दास, जवाहर लहरे, नरेंद्र रात्रे, लोकनाथ खूंटे, संतराम कुर्रे, ताजाराम खूंटे, बाबूलाल काशी, समाज सेवी उड़ीसा प्रांत रामप्रसाद ओंगरे, नरेंद्र बोरे, समाज के संत, महंत, सामाजिक प्रतिनिधि, युवा, मातृशक्ति, संत समाजजन उपस्थित रहे।

# बेमचा में हुई पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की नियमित मासिक बैठक 01 दिसंबर को गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में श्रीराम कुमार साहू अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की छायाचित्र पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष रामकुमार साहू, महिला प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष आर साहू, कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्री चमनलाल साहू, भूषण लाल भोसले, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आरके श्रीवास्तव, रेखराम साहू, डोमार साहू, एसडी मानिकपुरी, नेहरू साहू, बोधन साहू आदि ने भगत राम साहू के मार्गदर्शन में विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। संगठन के नए सदस्य डोमार राम साहू शिक्षा विभाग का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान प्रदान किया गया।

इसी क्रम में यशोदा तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षिका के जन्म दिवस पर उन्हें श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। भगत राम साहू द्वारा गीता जयंती पर प्रकाश डाला। गायत्री परिवार के हीरालाल साहू ने सभी पेंशनरों को सादगीपूर्ण-गौरवशाली जीवनयापन हेतु संकल्प पाठ कराया। आरके श्रीवास्तव ने पेंशनरों को मिलने वाली पेंशन पर 65 वर्ष पूर्ण होने पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष पूर्ण होने पर 10 प्रतिशत तथा 75 वर्ष पूर्ण होने पर 15 प्रतिशत एवं 80 वर्ष पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता दिये जाने संबंधी मांग की। पेंशनरों के माता एवं पिता दोनों की मृत्यु होने पर उनके पुत्र को शासकीय नौकरी दिए जाने की भी मांग की। पुरूषोत्तम शर्मा द्वारा संगठन को मजबूत करने एवं सभी सदस्यों को मासिक बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का अनुरोध किया। वरिष्ठ साहित्यकार राजेश्वर खरे द्वारा मनमोहक स्वरचित गद्य पाठ किया गया, जिसका खूब प्रशंसा की गई है। वरिष्ठ पेंशनर एलएन शर्मा द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि कोई भी कर्मचारी जब सेवानिवृत्त होते है तो 06 माह पूर्व उनकी पेंशन की प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए, ताकि सेवानिवृत्ति के दिन कर्मचारी की स्वत्वों का भुगतान किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में रामकुमार साहू ने कहा कि ग्राम मचेवा स्थित शासकीय भूमि की मांग पेंशनर्स भवन निर्माण के लिए किया गया है। वह अभी भी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में लंबित है। आभार प्रदर्शन संठन मंत्री चमन लाल साहू ने किया।



बैठक में बीएल पटेल, एलके साहू, भागवत साहू, शिव कुमार साहू, सुभाष नंद, विष्णु प्रसाद मिश्रा, रविकांत चंद्राकर, एसपी तिवारी, गणेश बहादुर गुरूंग, जगमोहन साहू, रिखी राम साहू, परस चौहान, त्रिलोकी साहू, एनके शर्मा, सुजान यदु, मोहन साहू, रामधन, हीरालाल साहू, रामटहल निषाद, तिलचंद यादव, हेमसिंग, जीवन कुलदीप, गनेशी बाई, गोकुल दास, चोवाराम, मुरलीधर पटेल, जगन्नाथ साहू आदि मौजूद रहे।




### दिशा की बैठक में सांसद ने विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से करने विभागों को किया निर्देशित

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाए ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और अनेक योजनाएं चल रही हैं, लेकिन इनका उद्देश्य तभी पूरा होगा जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर इन्हें धरातल पर उतारें। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र (आरसेटी) में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आम जनता तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के साथ-साथ पात्र लोगों को इनका लाभ दिलाने के लिए व्यक्तिगत रूप से पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों में मुनादी कराकर चौपाल लगाएं और हितग्राहियों का चयन करें। सांसद ने ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जल जीवन मिशन, शिक्षा, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास आदि की विस्तृत समीक्षा की।

## गोपालपुर में अमर ने किया कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ



**महासमुंद।** ग्राम गोपालपुर में भगत सिंह क्लब द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि अमर अरूण चंद्राकर ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने प्रेरित करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने उत्साहित किया। इस दौरान जिपं सदस्य प्रतिनिधि अमर ने कहा कि गोपालपुर के ग्रामीणों के प्रयास से प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन होते हैं। जिससे क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक अच्छा मंच मिल रहा है। इस अवसर पर सरपंच भुनेश्वर सिंह ध्रुव, उपसरपंच उमा महेश निषाद, कुलदीप साहू, मन्नू निषाद, जितेंद्र निषाद, केजराम निषाद, ललित निषाद पंच गण, मंशा विश्वकर्मा, मनोहर निषाद, जोहन निषाद, श्याम लाल यादव, पुरायण निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, कबड्डी खिलाड़ी व समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# झलप कृषि उपज मंडी का निरीक्षण, किसानों की समस्याएं होंगी दूर: प्रभारी मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा महासमुंद जिला के प्रभारी मंत्री ने झलप कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने 2 एकड़ पर 1 टोकन की व्यवस्था में ढील देने तथा समिति में धान खरीदी की सीमा (लिमिट) बढ़ाने की मांग रखी। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने बताया कि समिति द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट 10 तारीख से बढ़ा दी जाएगी एवं सभी किस्म के धान को एक ही टोकन में खरीदी की व्यवस्था है, जिसकी जानकारी सभी खरीदी केंद्र प्रभारियों को दे दिया गया है, जिससे किसानों को अपने धान की बिक्री में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला खाद्य अधिकारी का नंबर सभी खरीदी केंद्र में उपलब्ध किया जाएगा। मंडी परिसर का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने फड़ में रखे धान और तौल किए जा चुके धान की व्यवस्था देखी। उन्होंने कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी स्तर पर धान बेचने में परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, ललिता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, मंडल अध्यक्ष गोलू चंद्राकर, धरम पटेल, सरपंच राकेश साहू, देवा नायक, रूपलाल पटेल, कमल कौशिक, निर्भय नायक, छबिंद्र पटेल, देवेन्द्र राय, हनी गंभीर, डोमन यादव, सतीश मारकंडे, संतोष पांडा, खेमराज बघेल, जगमोहन ठाकुर, चंद्रशेखर पटेल,चैतू पटेल, रज्जन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक टीम से जिलाधिकारी विनय कुमार लंगहे, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम अश्रा गुप्ता, जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव, उप-पंजीयक संस्था द्वारिकनाथ, तहसीलदार जुगल किशोर, नायब तहसीलदार नीरज कुमार, सहकारिता विस्तार अधिकारी, जिला खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, झलप समिति अध्यक्ष सागर साहू, समिति प्रभारी राजकुमार प्रधान, खरीदी प्रभारी मदन पटेल एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान किसानों ने मंत्री के निर्णयों पर संतोष जताया और उम्मीद जताई कि नई व्यवस्था से खरीदी प्रक्रिया और सुगम होगी।

## पेज 11 के शेष...

### 300 शिक्षकों का...

की मांग उठाई। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने शिक्षकों की व्यथा सुनने के बाद जिला पंचायत सीईओ से चर्चा कर समस्या के समाधान के लिए एक कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित शिक्षकों के इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

**60 शिक्षकों से हुई 80 लाख की रिकवरी भी वापस नहीं-** प्रभावित 300 शिक्षकों में से 60 ऐसे हैं जिनकी आर्थिक क्षति दोहरी है। वर्ष 1998 से सेवा दे रहे इन शिक्षकों को 2014 में क्रमोन्नत वेतनमान दिया गया, जिसे गलत बताते हुए 2015 में प्रति शिक्षक 1.37 लाख रुपए के हिसाब से करीब 80 लाख की रिकवरी कर ली गई। बाद में महासमुंद जिला के इसी तरह के एक मामले में 15 मई 2017 को कोर्ट ने रिकवरी को गलत ठहराया और राशि लौटाने का आदेश दिया। अधिकांश जिलों में राशि वापस कर भी दी गई, पर देवभोग में यह रकम तत्कालीन अधिकारियों की मनमानी के कारण अटक गई।

**ट्रेज़री में जमा करने के बजाय बीईओ खाते में रख दी गई रकम-** रिकवरी की गई राशि को ट्रेजरी में जमा करने के बजाय तत्कालीन बीईओ ने इसे अपने कार्यालय खाते में जमा रखा। वापसी के आदेश तक इस राशि को कई अन्य मदों में खर्च कर दिया गया। जनपद स्तर पर जमा राशि को भी कोरोना काल में सैनिटाइज़र, विक्षिप्तों के भोजन और पशु आहार जैसी मदों में खर्च दिखाकर उपयोग कर लिया गया। 80 लाख में से केवल 3 लाख रुपए ही शासन के खाते में वापस जमा हो पाए। प्रभावित शिक्षकों का कहना है कि वे अब रिकवरी की पूर्ण वापसी नहीं चाहते, बल्कि चाहते हैं कि उचित वेतनमान को मान्य कर उनका वेतन पुनः दर्ज किया जाए। उनका तर्क है कि गलत रिकवरी और वेतन विसंगति के कारण उनका 8वां वेतनमान भी प्रभावित होगा, जिससे भविष्य की सेवा व पेंशन लाभ को नुकसान पहुंचेगा।

### ओडिशा से अवैध...

27 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। जब्त धान की कीमत 83 हजार 700 रुपये आंकी गई है।

**अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए विशेष दिशा-निर्देश-** गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम के लिए बॉर्डर के चेक पोस्ट पर तैनात बल को गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में करने का प्रावधान है। अवैध परिवहन के संबंध में वैध कागजात मांगने पर कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किए जाने पर, जब्त धान को आगे की कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अवैध धान बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### 25 साल बाद भी...

हो रहें हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हुए पूरे 25 वर्ष बीत गए हैं लेकिन इस मार्ग का उद्धार नहीं हो पाया है। कांग्रेस की सरकार ने चिंता किया था और घोषणा भी हुआ मगर अभी तक कब बनेगा इस बात को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। ज्ञात हो कि 6 माह पहले इस मार्ग का पटवारी और संबंधित विभाग द्वारा नाप-जोख भी हो चुका है।

### अहंकार से भरे मन...

18 गढ़ दक्षिण और 18 गढ़ पूरब मिलकर छत्तीसगढ़ बने हैं। यहां के लोग सरल, शांत और सुसंस्कृत हैं। कुछ बुराइयाँ परिस्थितियों से आ जाती हैं, पर पहचान संस्कृति की होती है। उसे बचाए रखना हम सबका धर्म है। उन्होंने कहा कि यही उद्देश्य लेकर देवांगन परिवार ने यह विशाल शिव पुराण कथा का आयोजन किया है। शहर की बुराइयां दूर हों, इंसान के भीतर पवित्रता, दिव्यता और नए सौंदर्य का जन्म हो। कथा के अंत में जब पूज्य महाराज श्री ने भजन गजब कर डाला मेरे भोले ने, सारी दुनिया में चंदा का उजाला गाया, तो पूरा पंडाल झूम उठा। श्रद्धालु नाचने पर मजबूर हो गए और कथा स्थल का माहौल उत्साह और भक्ति से परिपूर्ण हो गया। गरियाबंद में आयोजित शिव महापुराण के दूसरे दिन की यह कथा भक्तों के लिए भावविभोर करने वाली रही।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तृतीय सोपान जांच शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तृतीय सोपान जांच शिविर का समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह जंघोरा स्थित शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में पिथौरा थाना प्रभारी उमेश वर्मा तथा मीडिया प्रभारी गौरव चंद्राकर मंच पर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कम संसाधनों में भी आपातकालीन स्थिति में लोगों की सहायता करने की भावना सिखाता है। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि चार दिवसीय शिविर में बच्चों ने जो सीखा है, वह उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा स्काउटिंग के क्षेत्र में पिथौरा का नाम गौरवान्वित करेगा। थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने बच्चों को साइबर फ्रॉड से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए। चार दिनों तक चले इस शिविर में बच्चों को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, चिन्ह-साइन, सैल्यूट, बाएं हाथ मिलाना, स्काउटिंग का इतिहास, विभिन्न गांठें, लेंसिंग, प्रथमोचार, स्ट्रेचर निर्माण, यूनिफॉर्म, खोज के चिन्ह, बीपी के व्यायाम, अनुमान लगाना, पायनियरिंग, बिना बर्तन भोजन बनाना, मार्चपास्ट सहित कुल 38 विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में विभिन्न स्कूलों से 30 स्काउट, 60 गाइड, 38 प्रशिक्षण दल और 32 सेवा दल सहित कुल 160 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शिविर में सफल प्रतिभागी आगामी राज्य पुरस्कार शिविर के लिए पात्र होंगे। शिविर संचालन टीम में लेख राम साहू (संचालक), विजय सिन्हा, नर्सिंग पटेल, भूपेंद्र दुबे, आशीष तिर्की, मथामनी साहू, लिलिमा साहू (जिला प्रशिक्षण आयुक्त), सुकांति नायक, दीपिका देवांगन, अनीता साहू, सरस्वती पटेल, राजकुमारी बंजारे, महेश्वरी, चंद्रिका साहू, संतोषी ठाकुर, सुशील पटेल, खेमुलता प्रधान एवं उर्वशी बरिहा शामिल थे।



**खबर संक्षेप**




## साहित्य सदन में कवियों ने दी प्रस्तुति, बांधा समां

**रायपुर।** नव छत्तीसगढ़ साहित्य संस्कृतिक संस्थान द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित साहित्य सदन में सोमवार को छत्तीसगढ़ स्तरीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार कवि संजीव ठाकुर ने की। इसकी शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद कवयित्री सुमन शर्मा बाजपेई, डॉ. मीता अग्रवाल, युवा कवि ऋषभदेव साहू, कवयित्री भारती यादव, कवि रामजी ध्रुव ने एक संवेदनशील रचना, विवेक कुमार रहटगांवकर ने सुनाकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार संजीव ठाकुर ने एक छोटी सी बात रखकर तरन्नुम में गजल सुनाई। गजल सुनाकर संजीव ठाकुर ने समां बांध दिया। इस अवसर पर भिलाई से पधारे साहित्यकार कवि नितेश ठाकुर ने भी अपने सुझाव दिए। इस दौरान कवि-साहित्यकार महेश पालीवाल, पत्रकार शशांक खरे उपस्थित थे।

### आयोजन : विखं के चयनित प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत हुई जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय, महासमुंद के सभा कक्ष में उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से चयनित प्रतिभागी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में विज्ञान, तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान एवं रचनात्मकता को विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं, महत्वपूर्ण यह है कि हर बच्चा सीखते हुए आगे बढ़े और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करें। कलेक्टर ने प्रतियोगिता के संचालन में उपयोग हुई तकनीक और उपकरणों की प्रशंसा की तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने कहा कि विकासखंड स्तर पर उत्कृष्ट आयोजन के चलते श्रेष्ठ प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचे हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने विषयों के साथ-साथ सामान्य ज्ञान का अच्छा ज्ञान हर क्षेत्र में



लाभकारी होता है। अवसरों की प्रतिस्पर्धा में ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत है। डीएमसी रेखराज शर्मा ने प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख करते हुए बताया कि यह आयोजन स्कूल स्तर से प्रारंभ होकर संकुल, विकासखंड और अंततः जिला स्तर तक हुआ। उन्होंने इसे बच्चों में आत्मविश्वास, ज्ञान-वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने वाला बताया। प्रतियोगिता के प्रमुख राउंड में पहला रैपिड फायर राउंड जिसमें प्रत्येक टीम को 2 मिनट में 10 प्रश्न पूछे गए। हर सही उत्तर पर 10 अंक दिए गए। दूसरा पास राउंड जिसमें प्रत्येक टीम को 5 प्रश्न दिए गए। गलत उत्तर या उत्तर न देने पर प्रश्न अगली टीम को पास किया जाता था। इस राउंड में समय सीमा नहीं रखी गई। तीसरा राउंड सही-गलत राउंड जिसमें सभी टीमों के लिए एक साथ प्रश्न पूछे गए। टीमों को उपलब्ध तख्ती के माध्यम से सही या गलत का संकेत देना था तथा चौथा राउंड बज़र राउंड जिसमें सभी प्रश्न बहुविकल्पीय थे, जिन्हें एलसीडी टीवी पर प्रदर्शित किया गया। साथ ही कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर एक विशेष राउंड आयोजित किया गया, जिसे बच्चों ने उत्साहपूर्वक खेला। परिणाम में प्रारंभिक वर्ग में प्रथम स्थान विकासखंड पिथौरा, द्वितीय विकासखंड बसना, तृतीय महासमुंद तथा माध्यमिक वर्ग में प्रथम बागबाहरा, द्वितीय बसना एवं तृतीय पर महासमुंद रहा। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एडीपीओ प्रमोद कन्नौजे, एपीसी संपा बोस, विद्या साहू, बीईओ लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, एबीईओ तारिका कुंजाम, खेल अधिकारी अंजली बरमाल, कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार चौरसिया और जागेश्वर सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शैलेंद्र नायक, चंद्रकांत चौरसिया, कृष्ण कुमार नायक, विकास निषाद, लक्ष्मी मानिकपुरी, भारती सोनी, अमित कुमार चौरसिया, लीलाधर प्रधान, वीरेंद्र कुमार चौधरी, प्रेमचंद साव, रिंकल बग्गा, अमित कुमार उईके, उग्रसेन पटेल, जगदीश सिन्हा, सुबोध तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

# माण्डव्य ऋषि आश्रम में श्रीरामचरितमानस महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, आस्था का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

धार्मिक आस्था और संस्कृतियों के प्रतीक, श्री रामचरितमानस महायज्ञ का आयोजन इस वर्ष माण्डव्य ऋषि आश्रम, बाबा कुट्टी में 1 से 4 दिसम्बर तक होने जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र का सबसे बड़ा पर्व बन चुका है, जिसमें श्रद्धालु और संतजन एकत्र होकर भगवान राम की महिमा का गान करेंगे।महायज्ञ की शुरुआत ब्रह्मलीन संत श्री श्री 108 संत श्री सियाभुनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज की सुक्ष्म उपस्थिति में हुई, जो इस आयोजन के मुख्य प्रेरणा स्रोत रहे हैं यज्ञ का संचालन कर्ता महामंडलेश्वर महंत संत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम महाराज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। चार दिवसीय इस आयोजन में धार्मिक क्रियाओं के साथ-साथ आस्थावान भक्तों के लिए प्रेरणादायक प्रवचन और कीर्तन भी होंगे। 4 दिसंबर का मुख्य अतिथि के रूप में रोहित साहू, विधायक राजिम विधानसभा, उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद करेंगे। विशेष अतिथि में इन्द्राणी नेहरू साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर, नंदनी ओमकार साहू, जिला पंचायत सभापति, सरपंच बिजली पद्मा मोती निषाद,धनंराज सूर्यवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर, पुर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू एवं कई दिसम्बर को कलश यात्रा का आयोजन शाम 4 बजे से शुरू हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पानी के कलशों के साथ इस महायज्ञ में भाग लिया। देव स्थापना और पूजा-पाठ की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 1 बजे तक हवन पूजा-पाठ का आयोजन होगा। इसके बाद आरती के साथ कीर्तन और प्रवचन होंगे। 4 दिसम्बर को यज्ञ के पूर्णाहुति के बाद वार्षिक मड़ाई मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु मेला का आनंद लेंगे। इस दौरान प्रमुख कथा वाचक संत राम सेवक शरण, मिथिला शरण, नारद दास, संत राम महेश्वरानंद, और जगदीश प्रसाद जैसे संतजन अपने भव्य प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मोहित करेंगे। मानस मंडली द्वारा भव्य कीर्तन और रामायण के गान से वातावरण भक्तिमय रहेगा।

■ विधायक 4 को विकास कार्य का लोकार्पण भूमिपूजन करेंगें

### समस्त समाज का योगदान

इस महायज्ञ में डॉ. दिलीप साहू, रुक्मिणी हेमराज सिन्हा, पुष्पा जगन्नाथ, भुवनेश्वर साहू, हरीश साहू, साहू समाज परिक्षेत्र बोरसी अध्यक्ष गोवर्धन साहू, बेलर परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिराम साहू और कई प्रमुख स्थानीय नेता और समाजसेवी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। साथ ही सरपंच संघ और विभिन्न पंचायतों के अध्यक्षों का आगमन भी सुनिश्चित है, जो इस महायज्ञ को और भी भव्य बना देंगे। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह समाज के सामूहिक एकता और आस्था का प्रतीक भी है। चार दिनों तक चलने वाला यह महायज्ञ पूरे क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। ऐसे धार्मिक आयोजनों से न केवल धार्मिक कार्यों की सच्ची आस्था को बढ़ावा मिलता है, बल्कि समाज में एकजुटता और शांति का वातावरण भी बनता है।

## नवपदस्थ प्राचार्य ने संकुल की बैठक में शासन के योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन की दी हिदायत

**महासमुंद।** कक्षा पहली से बारहवीं तक एक ही परिसर में संचालित संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में नवपदस्थ प्राचार्य देवनारायण जांगड़े का विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षक स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने पश्चात प्रवेश पर सभी 755 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्राचार्य ने कहा कि वे स्वागत से अभिभूत हैं। समारोह पश्चात संकुल के प्रधानपाठकों का आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य रूप से विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी, अपार आई डी, जाति प्रमाण पत्र, बोर्ड परीक्षा परिणाम में संस्था स्तर की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

# तर्री में एड्स जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम तर्री में एड्स जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क जांच शिविर के आयोजन में शासकीय विद्यालय की बालिकाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता किया गया। रामावतार यदु ने इसका लक्षण, बचाव और उपचार सहित परीक्षण पर चर्चा की। सरपंच लता



सिन्हा ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# सर्व यादव समाज की वर्चुअल बैठक में संगठन के पुनर्गठन पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ का प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक रमेश यदु जी प्रदेश अध्यक्ष जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, बैठक में प्रान्तीय पदाधिकारीयों के साथ विभिन्न जिले के समाज प्रमुख शामिल हुए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा संगठन के 25 वर्षों का संघर्षपूर्ण यात्रा पर चर्चा कर सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया, वहीं रजत जयंती वर्ष में तहसील से लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें सर्व सम्मति से पुनर्गठन का निर्णय लिया गया, इस संबंध में पांच सदस्यों का प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया, जो संगठन के नियमानुसार संगठनात्मक ढाचा तैयार कर निर्वाचन हेतु विभिन्न स्तर जिला तहसील में निर्वाचन प्रभारियों की नियुक्ति



करेंगे, तथा निर्वाचन प्रक्रिया व अन्य विषयों पर व्यापक रूप रेखा तैयार करने हेतु आगामी 28 दिसंबर को प्रदेश संरक्षक माननीय मधुसूदन यादव जी महापौर राजनांदगांव के मार्गदर्शन में राजनांदगांव में प्रदेश स्तरीय बैठक का निर्णय लिया गया, प्रांतीय निर्वाचन समिति में सभी संभाग से प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है जिसमें देवनारायण यादव सरगुजा, देवीचरण यादव बिलासपुर, पुहुप राम यदु रायपुर, हरीश यादव दुर्ग तथा बस्तर संभाग से सुदामा यादव को शामिल किया गया है, जो आवश्यक तैयारी कर प्रदेश स्तरीय बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, उक्त बैठक में सभी प्रांतीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व समाज प्रमुखों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है, बैठक में महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धनमती यादव, प्रदेश प्रवक्ता यशवन्त यादव, कुंजलाल यादव प्रदेश, जिला पदाधिकारी बैठक में भाग लिया।

# कुंभकार समाज के कुराल पूजा महोत्सव में शरीक हुए लोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

खल्लारी विधानसभा के अंतिम छोर के ग्राम पंचायत परसुली में कुंभकार समाज द्वारा कुराल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोचन पटेल जनपद सदस्य रहे।

अध्यक्षता कुम्हार समाज सर्कल न.1 अध्यक्ष सिया राम पांडे, सचिव रूपचंद पांडे, पूर्व उपसरपंच भोजराम चक्रधारी, भाजपा युवा नेता परमेश्वर पटेल, युवा नेता देवेंद्र चक्रधारी, रेखराम चक्रधारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। इस महोत्सव में लोचन ने अपने उद्बोधन की शुरुआत भगवान चक्रधर विष्णु का जयघोष के नारे लगाते हुए कहा कि कुंभकार समाज की गौरवशाली परंपरा कुराल पूजा पर एकत्र हुए हैं। कुराल पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारे श्रम, हमारे सृजन और हमारी संस्कृति का उत्सव है। कुंभकार समाज सदियों से मिट्टी को कला का रूप देकर घड़ा, दीया, कलश, हांड़ी और अनेक उपयोगी वस्तुएँ निर्माण करता है। हमारा जीवन और हमारी



संस्कृति सब कुम्हार के हाथों की मिट्टी की सुगंध से ही पूर्ण होते हैं। कुराल पूजा में हम चाक, औजारों और मिट्टी का सम्मान करते हैं, क्योंकि यही हमारे सृजन और आजीविका की नींव हैं। यह पूजन हमें याद दिलाता है कि श्रम ही पूजा है और मिट्टी ही माता है।

आज हमारी सरकार आत्मनिर्भर भारत, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ जैसे संकल्पों को सार्थक कर रही है। समय आ गया है कि हम बेटा बचाओ, बेटा पढ़ाओ पर भी समान बल दें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल, और रोजगार पर विशेष जोर दिया। साथ ही युवा पीढ़ी नशामुक्त होकर शिक्षित समाज निर्माण में योगदान देने प्रेरित किया। इस अवसर पर कुम्भकार समाज ने लोचन पटेल एवं अन्य अतिथियों का श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत अभिनन्दन भी किया। कुम्भकार समाज परसुली श्रेत्र क्रमांक 1 के पदाधिकारीगण सियाराम पाडे, जलसिंह चक्रधारी, नेतराम चक्रधारी, रूपचंद, भोज राम चक्रधारी, कपूरचंद, बालेश्वर, लक्ष्मी पांडे सहित सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## वृन्दावन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देखा आदिवासी संग्रहालय

**महासमुंद।** वृन्दावन विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शैक्षणिक भ्रमण के लिए 29 नवंबर कक्षा 3री से कक्षा 7वीं तक के छात्र-छात्राओं को रायपुर के तीन स्थलों छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय, पुरखौती मुक्तांगन, ऊर्जा पार्क भ्रमण पर ले जाया गया। जहां बच्चों को छग के स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की जीवन गाथा व आदिवासियों के जन जीवन और छत्तीसगढ़ के संस्कृति व विरासत के विषय में जानकारी मिली। बच्चों द्वारा भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तांगन एवं ऊर्जा पार्क में खूब मनोरंजन किये, विद्यालय द्वारा कराया गया यह शैक्षणिक भ्रमण सफल रहा। शैक्षणिक भ्रमण की सफलता पर विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन एवं उप प्राचार्य इंदु मिश्रा ने हर्ष जताया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, संध्या सोना, वर्षा चंद्राकर, जागृति साहू, नीरु माँझी, सुषमा साहू, रिंकी कुर्रे, हीना खान, दीपशिखा गायकवाड़, प्रवीण साहू, होमेश साहू, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण, तेजन कुमार, लक्ष्मीनारायण साहू, चंदना सोनी, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, अंशु यादव, संगीता साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, आरती गुप्ता, भूमिका निर्मलकर का योगदान रहा।



## देवरी में मेंटर नियुक्त, छात्रों को बांटे प्रमाण पत्र

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में सोमवार को प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं के नियमित देख रेख के लिए मेंटर नियुक्त किया गया एवं विकासखण्ड बागबाहरा स्तरीय भारत स्काउट और गाइड के द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकमा में आयोजित की गई थी में शामिल विद्यालय के छात्रों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालो में देवानंद चंद्राकर शिक्षक, देवा, ओमप्रकाश साहू, रविन निराला, धनेश निषाद, प्रभात, नागेश्वर, करण, अनिल शामिल रहे। विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं को 20 से 25 की संख्या में बांटकर हर ग्रुप में एक एक व्याख्याता और समस्त स्टॉफ को शामिल किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि छात्र छात्राओं के किसी भी प्रकार की समस्या, मांग, शिकायत, परीक्षा मार्गदर्शन, शैक्षिक रचनात्मक क्रियाकलाप आदि में सहयोग और यथासंभव समाधान मार्गदर्शन के लिए तत्पर रहेंगे। मेंटर बनाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया में वरिष्ठ व्याख्याता परस राम सिन्हा और नेशलाल धृतलहरे का योगदान रहा। व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा को मेंटर के रूप में जिम्मेदारी दी गई। इस प्रक्रिया से छात्र छात्राओं में उत्साह है।

# एड्स जागरूकता अभियान में विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम।

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक, रैली, भाषण, रंगोली, पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता की गई। प्रतियोगिता में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी ने कहा कि रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिताएं निश्चित ही जन जागरुकता के लिए महत्वपूर्ण और सार्थक पहल है। वर्तमान में एचआईवी एड्स को लेकर युवाओं




को जागरूक रहना अति आवश्यक है क्योंकि युवा ही भविष्य में पारिवारिक तथा सामाजिक माहौल से जुड़ेंगे। उपप्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि यह अभियान एचआईवी एड्स नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक ने बताया कि एचआईवी एड्स न केवल संक्रमण वाली बल्कि एक जानलेवा बीमारी है। प्रतिवर्ष इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसे केवल जनजागरूकता से ही रोका जा सकता है। अभी तक चिकित्सा जगत में इसका कोई कारगर उपचार नही खोजा गया है। जागरूकता एवं सतर्कता ही इसका उपाय है। प्रतियोगिता आयोजन में रेड रिबन क्लब के डॉ. आर. श्रीवास, डॉ. डीपी निर्मलकर, डॉ. श्यामा शांडिल्य, डॉ. राजेश्वरी चन्द्राकर, प्रो. लेखराम साहू, डॉ. प्रेरणा सोनी, डॉ. दुर्गेश नंदिनी साहू, प्रो. महेंद्रनाथ द्विवेदी, प्रो. लोमश साहू की अहम भूमिका रही।



## कॉलेज में विज्ञापन प्रस्तुतिकरण का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे एवं विभागाध्यक्ष अजय कुमार राजा के निर्देशन में 2 दिसंबर को वाणिज्य संकाय के एम काम तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा विपणन एवं विज्ञापन प्रबंध में असाइनमेंट के रूप में विज्ञापन प्रस्तुतिकरण का आयोजन किया गया। जहां छात्र-छात्राओं द्वारा उत्पाद की उपयोगिता, गुण, रंग रूप, संरचना को प्रदर्शित करते हुए उपभोक्ता को वस्तु क्रय करने के लिए प्रेरित करने विज्ञापन किया गया। जिसमें एमकॉम तृतीय सेमेस्टर के 13 समूह द्वारा समूह में अधिकतम 04 विद्यार्थियों द्वारा विज्ञापन का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें अनेक विषय जैसे सनसिल्क शैंपू , एसआईआर, साइबर क्राइम, हेयर ऑयल, ब्रेड, डिटर्जेंट पाउडर, निकिता सॉल्वड, विक्स चॉकलेट, मेंटोस, मैजिक पेन, फेस वॉश जैसे विभिन्न विषयों पर विज्ञापन बनाकर प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय द्वारा आज के प्रतिस्पर्धा के युग में विज्ञापन की महत्ता को बताते हुए कहा कि जो ₹दिखता है वही बिकता है₹ विज्ञापन पर किया गया व्यय कभी व्यर्थ नहीं जाता, यह व्यय ना होकर विनियोग है। जिससे उत्पाद का प्रचार प्रसार कर भविष्य में लाभ कमाया जा सकता है। प्रस्तुतीकरण से विद्यार्थियों में झिझक दूर होती है। साइनमेंट रुचिकर हो जाता है। सहायक प्राध्यापक वाणिज्य राजेश्वरी सोनी द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए बताया कि विभागीय गतिविधियों में नवीनता लाने के लिए विभाग के सभी सदस्यों का सराहनी सहयोग रहा। विज्ञापन बनाओ प्रस्तुतिकरण असाइनमेंट में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीषा प्रधान, मनबोध चौहान, परवीन नजीब, डॉ भूपेंद्र पात्र, एमकॉम तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड बने द टाइडिनेस एक्सपर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के निर्देशन, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में स्काउटिंग गतिविधि सतत प्रगतिशील है। स्काउटिंग सही मायनों में सेवा का पर्याय है। बच्चों को नैतिक मूल्यों की सीख देता है और जिम्मेदार नागरिक बनाता है। भलाई के कार्य से स्वावलंबन की सीख मिलता है, अच्छे व्यक्तित्व की प्राप्ति होती है। सेवा भाव, मानव जीवन को सार्थक बनाता है एवं समाज में सकारात्मक बदलाव लाता है। स्काउटिंग, बच्चों में विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन जीने की प्रेरणा देता है। स्काउटिंग आदर्श जीवन शैली की बुनियाद है। संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल द्वारा बनाए गए नियम, प्रतिज्ञा, प्रकृति प्रेम की सीख देता है। सार्वजनिक संपति की रक्षा करने और स्वावलंबी बनाने हेतु प्रेरित करता है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के पदेन संरक्षक, कलेक्टर बीएस उईके, पदेन आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर द्वारा जिले में स्काउटिंग गतिविधि में बच्चों को जोड़ने के लिए लगातार



प्रयासरत हैं। स्काउटिंग के क्षेत्र में छुरा नगर का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधानपाठक स्व. गजानंद प्रसाद देवांगन, सेवानिवृत्त व्याख्याता केआर सिन्हा, सीआर. सिन्हा, मुरारी राम देवांगन के कुशल नेतृत्व में स्काउट गाइड ने राष्ट्रपति अवॉर्ड, राज्यपाल अवॉर्ड एवं प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय अनेकों शिविरों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। स्काउटिंग की समृद्ध विरासत को एचडब्ल्यूबी होल्डर स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। विद्यालय में नियमित रूप से स्काउटिंग, योग की गतिविधि संचालित हो रही है। स्काउट-गाइड द्वारा विद्यालय में वृहद पौधारोपण किया गया है और उनकी देखरेख भी स्वयं ही करते हैं। शालेय साफ सफाई के उच्च मानक को बनाएं रखने हेतु नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर ने स्काउट-गाइड को द टाइडिनेस एक्सपर्ट/" की उपाधि दिया। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### इनका रहा योगदान

विदित हो कि स्काउट गाइड द्वारा निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों में भी बढ़ -चढ़कर सहभागिता प्रदान किया गया था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं पदेन सहायक आयुक्त केएल मतावले, प्राचार्य एनसी साहू, नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु, गाइड केप्टिन थनेश्वरी यादव ने अनुशासन के साथ राष्ट्र सेवा में सहयोग हेतु सभी स्काउट गाइड को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के शिक्षाविद स्काउट मास्टर केआर सिन्हा, सीआर सिन्हा, बीएल तारक, एसआर निषाद, अध्यक्ष संतराम साहू, प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन, उमेश कुमार ढीढी, अर्जुन धनंजय सिन्हा, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, तरुण कुमार साहू, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा द्वारा विविध गतिविधि संचालित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### लक्ष्मीकांत ने किया रक्तदान

**पाण्डुका।** गरियाबंद जिले के ग्राम रजनकटा निवासी लक्ष्मीकांत यादव है जो रायपुर जिले मे रहकर रक्तदान के माध्यम से लेकर सामाजिक स्तर पर लोगों की हर संभव मदद करते आ रहे हैं। इसी में पांडुका क्षेत्र के एक मरीज को रक्त की अवश्यकता थी तब परिजन के काल आने पर तत्काल श्री नारायना हॉस्पिटल पहुंच कर मरीज के लिए रक्त दान किया और लक्ष्मीकांत यादव ने कहा कि रक्त दान हर इंसान को करना चाहिए इसमें कोई डरने वाली बात नहीं रहती है बल्कि ऐसे कई फायदे है जो हमारी शरीर को मिलती है जैसे शरीर मे नए रक्त बनना, ऐसा करने से हमारे खून में कोलेस्ट्रॉल जमा नहीं होता है जिससे बहुत सारी बीमारियों का खतरा दूर होता है।

### पप्पू बंजारे ने धनेंद्र साहू से मुलाकात की



**नवापारा-राजिम।** पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू से रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष पप्पू बंजारे निवास पहुंचकर मुलाकात किया। श्री बंजारे ने श्री साहू से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू तथा जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने श्री बंजारे का बुके भेंटकर स्वागत किया। बैठक में तीनो नेताओं के साथ रायपुर ग्रामीण जिले में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने,जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी रूप से पहुँचाने पर महत्वपूर्ण चर्चा किए।

### विजय दिवस को लेकर चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन द्वारा शहीद स्मारक के आसपास पर साफ-सफाई किया जा रहा है। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। पूर्व सैनिक संगठन द्वारा शहीद स्मारक में तैयारी की जा रही है।

## निधन

### बुंदा बाई सिन्हा

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के बुंदा बाई सिन्हा उम्र 94 वर्ष का निधन हो गया। वे पूर्व सरपंच कोमल सिन्हा, नीलकंठ सिन्हा, जगदीश सिन्हा की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## मंत्री गजेंद्र व विधायक रोहित का कौंदकेरा में भव्य स्वागत...





**राजिम।** राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं विधायक रोहित साहू का ग्राम कौंदकेरा में गाजे-बाजे के साथ जबर्दस्त स्वागत हुए। मंत्री एवं विधायक जी यहां षष्टम जिलास्तरीय स्काउट्स एवं गाइट्स प्रशिक्षण शिविर / रैली आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इस अवसर पर शास उच्च माध्यमिक शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू एवं सरपंच राधिका-मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में स्काउट्स गाइट्स के बच्चे व ग्रामवासी मौजूद थे।

**बैठक : सभी विभागों में लंबित मामलों का ढेर बढ़ता ही जा रहा**

# टीएल बैठकें बनी औपचारिकता, कलेक्टर के निर्देशों को अधिकारी कर रहे नजरअंदाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में हर मंगलवार को आयोजित होने वाली समय-सीमा (टीएल) बैठक अब केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। कलेक्टर बीएस उइके लगातार विभागवार अधिकारियों को निर्देश देते हैं, सुधार के लिए समयसीमा तय करते हैं, लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने की बात कहते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रशासनिक तंत्र की सुस्ती और लापरवाही का आलम यह है कि कलेक्टर के निर्देशों का पालन करने की बजाय कई विभागों ने उन्हें नजरअंदाज करना ही आदत बना लिया है। टीएल बैठक में कलेक्टर हर सप्ताह राजस्व, पंचायत, नगरीय प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि सहित सभी विभागों की लंबित फाइलों और प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हैं। परंतु हकीकत यह है कि जिन प्रकरणों का निस्तारण हफ्तों में होना चाहिए, वे महीनों तक लंबित पड़ जाते हैं। नामांतरण, सीमांकन, नक्शा सुधार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम आवास, श्रमिक योजनाएं, वनाधिकार पट्टा लगभग सभी विभागों में लंबित मामलों का ढेर बढ़ता ही जा रहा है। कलेक्टर बार-बार चेतावनी देते हैं कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, परंतु अधिकारियों की कार्यप्रणाली में सुधार कहीं दिखाई नहीं देता। कलेक्टर उइके बार-बार फील्ड विजिट की कमी पर गंभीर नाराजगी जताते हैं। वे कहते हैं कि जमीनी समस्याओं का हल कागजों से नहीं बल्कि स्थल निरीक्षण से होता है, फिर भी कई विभागों के अधिकारी फील्ड में नहीं जाते। शिकायतें बढ़ती जाती हैं, प्रकरण लंबित होते जाते हैं और कलेक्टर हर बैठक में वही निर्देश दोहराने को मजबूर हो जाते हैं। जनदर्शन में आने वाले आवेदनों का हाल भी यही है। सात दिनों से अधिक आवेदन लंबित न रखने के निर्देश के बावजूद कई आवेदन लगातार लटके रहते हैं। परेशान जनता बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाती है, पर समाधान की रफ्तार बेहद धीमी है।

### निर्देशों के बावजूद विभागों का ढुलमुल रवैया

कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। पीएम आवास, मुख्यमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की प्रगति बैठक में बार-बार सवालों के घेरे में आती है। कलेक्टर हर बार अधिकारियों को लक्ष्य-पूर्ति के लिए निर्देशित करते हैं, लेकिन अगली बैठक में भी हालात बड़े बदलाव के बिना ही सामने आ जाते हैं। कलेक्टर की सख्ती और निर्देशों के बावजूद विभागों का ढुलमुल रवैया यह दर्शाता है कि प्रशासनिक मशीनरी में समन्वय और गंभीरता की भारी कमी है। कलेक्टर हर हफ्ते अधिकारियों को चेतावनी देते हैं,



लेकिन विभागीय उदासीनता इतनी गहरी हो चुकी है कि निर्देशों का असर बैठकों की सीमा से बाहर नहीं निकल पा रहा। परिणामस्वरूप समय-सीमा बैठकें समस्या हल करने का माध्यम बनने के बजाय केवल साप्ताहिक औपचारिकता का रूप लेती जा रही हैं। इस स्थिति ने यह बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि जब कलेक्टर के बार-बार दिए गए निर्देश भी असरदार नहीं हो रहे, तो आम जनता की समस्याओं का समाधान कौन करेगा।

## विज्ञान के चमत्कार से लोगों को बनाते हैं मूर्ख : गौरव चंद्राकर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिला के अंतिम छोर पर स्थित महासमुंद जिला सीमा से लगे छुरा विकास खण्ड के वनांचल क्षेत्र ग्राम बीजापाल के पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने व अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता पैदा करने कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा के संचालक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र गढ़बेढ़ा के युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर ने छात्रों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने व बैगा ओझा के अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता लाने विभिन्न हैरत अंगेज विज्ञान के चमत्कार को दिखाया जैसे मंत्र से कागज की फूल का अलग- अलग रंग वाले फूल निकालना, खिलौने वाली अंडे और मुर्गी में मंत्र से अंडे गायब कर देना, घर में शैतान का डर दिखाने कैसे गंगा जल से कागज के टुकड़ों में आग लगाते हैं। सर्दी को मंत्र से त्वरित ठीक करने का रहस्य का उजागर किया। कार्यशाला में बच्चों को विज्ञान के विभिन्न मॉडल निर्माण की बारीकियों को बताया। तथा उनके टीम द्वारा बनाए मल्टीपरपज रोबोटिक मॉडल की क्रिया कलापों से छात्रों के बीच आग लगने, पानी टंकी ओवरफ्लो होने, एलपीजी गैस लीक होने पर अलार्म व मोबाइल में संदेश भेजकर एलर्ट करने व विभिन्न भाषाओं में प्रश्न पुछने पर उत्तर देने की प्रदर्शन कर बताया।साथ ही झुला से विधुत उत्पादन की मॉडल का प्र्रदशन किया।युवा वैज्ञानिक ने बच्चों को किसी भी प्रकार की ठग बाबाओं के चक्कर में ना पड़कर अपने घर परिवार में बीमार होने पर अस्पताल में डॉक्टर से इलाज कराने की अपील की। इस कार्य शाला से बच्चे आनंदित व वैज्ञानिक सोच से ओतप्रोत हुए। प्रधान पाठक चंद्रिका प्रसाद वर्मा ने आभार प्रदर्शन करते हुए भविष्य में छात्रों के साथ ग्रामीणों की सहभागिता से बड़ी कार्यशाला रखने की बात कहा। विज्ञान शिक्षक रेखराम बघेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में शिक्षक चतुर सिंह ध्रुव, सुशील कुमार डहरे, भीखम ढीवर, संतोष दानी,योगेन्द्र साहु रसोइया लक्ष्मी साहु उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार पर दमन का आरोप जिले में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

केंद्र की मोदी सरकार पर विपक्ष का दमन करने और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए आज गरियाबंद में कांग्रेसजनों ने एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजनीतिक विद्वेषवश प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं का गलत और पक्षपातपूर्ण उपयोग कर रही है। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कराई गई एफआईआर और पूछताछ के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व ईडी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान



कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की कथित प्रतिशोधात्मक कार्रवाई की जमकर निंदा की। विरोध कार्यक्रम में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, जिला महामंत्री ओंकार सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी देश की प्रतिष्ठित हस्तियाँ हैं, और उनके खिलाफ एजेंसियों का उपयोग कर राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस दमनकारी नीति के खिलाफ पूरे देश में संघर्ष करेगी और जनता के सामने सरकार की नीयत को बेनकाब करेगी। विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें कांग्रेसजनों ने लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं की रक्षा का संकल्प भी लिया।

## शोभायात्रा में मुख्य अतिथि होंगे विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

सतनामी समाज अभनपुर परिक्षेत्र द्वारा गुरू घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली शोभायात्रा के लिए मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आमंत्रित किया गया। समाज के अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन के नेतृत्व में समाज के लोगों ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की और उन्हें 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. रमन सिंह ने समाज के लोगों के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने की सहमति दी है। यह जानकारी दी गई कि विगत कई वर्षों से गुरू घासीदास जयंती के कार्यक्रमों का शुभारंभ अभनपुर से ही होता आया है। इस कार्यक्रम में समाज के लोग बड़े उत्साह के साथ भाग लेते हैं।



### मुरलीधर सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा छत्तीसगढ़ के सह संयोजक नियुक्त

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने संगठन विस्तार के तहत सहकारिता प्रकोष्ठ की नई टीम की घोषणा कर दी है। इसमें जिले के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता मुरलीधर सिन्हा को सह-संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाइयां दीं। स्थानीय नेताओं और समर्थकों ने कहा कि मुरलीधर सिन्हा लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। उनकी सरलता, संगठन के प्रति निष्ठा और लगातार सामाजिक जुड़ाव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।



## कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

राजिम विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा का भव्य स्वागत किया गया। राजधानी रायपुर से लेकर जिला कार्यालय गरियाबंद तक चले स्वागत कार्यक्रम में पूर्व राजिम विधायक अमितेश शुक्ल खुद काफिले के साथ रहे। बेटे भवानी शुक्ल की प्रबल दावेदारी के बीच सुखचंद बेसरा की नियुक्ति पर अमितेश शुक्ल ने खुलकर संतोष जताते हुए कहा कि संगठन का निर्णय हमारे लिए शिरोधार्य है। कोपरा, पाण्डुका सहित गरियाबंद नगर में जगह-जगह बेसरा का उत्साहपूर्ण स्वागत हुआ। स्वागत कार्यक्रमों के बीच सबसे अधिक ध्यान खींचा अमितेश शुक्ल की मौजूदगी ने। राजिम में पंडित श्यामा



चरण शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर काफिला गरियाबंद के लिए रवाना हुआ।

जिला मुख्यालय पहुंचने पर सुखचंद बेसरा ने पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमितेश शुक्ल से आशीर्वाद लेकर अपनी जिम्मेदारी की शुरुआत की। बेसरा ने कहा "दावेदारी हर सिपाही का अधिकार है, पर संगठन ने जिस पर भरोसा जताया, वह सभी साथियों को लेकर संगठन को मजबूत करने का काम करेगा।" उन्होंने अमितेश शुक्ल सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए आशीर्वाद बनाए रखने का आग्रह किया।

राजिम क्षेत्र में अमितेश शुक्ल का प्रभाव सर्वविदित है। उनके पुत्र भवानी शुक्ल जिला अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख दावेदार माने जा रहे थे। ऐसे में असंतोष की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन स्वागत कार्यक्रम में अमितेश शुक्ल की सक्रिय भागीदारी ने माहौल को पूरी तरह सकारात्मक किया। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि दावेदारी अलग विषय है, पर संगठन के निर्णय का सम्मान करना हर कांग्रेसी की जिम्मेदारी है। सभी साथी एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने में जुटें। इस दौरान बड़े संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ा था।




